भारत सरकार

भारी उद्योग और लोक उद्यम मंत्रालय

भारी उद्योग विभाग

राज्य सभा

अतारांकित प्रश्न सं. 3220

जिसका उत्तर 23 अप्रैल, 2013 को दिया जाना है

देश में कारों का उत्पादन

3220. श्री तरुण विजयः

क्या भारी उद्योग और लोक उद्यम मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) देश में कार उत्पादन की पिछले वर्षों सहित वर्तमान में स्थिति का ब्यौरा क्या है;

(ख) आगामी कुछ वर्षों में तत्संबंधी भावी योजनाओं का ब्यौरा क्या है;

(ग) क्या यह सच है कि देश में सड़क अवसंरचना की मौजूदा स्थिति और अधिक कारों के उत्पादन की अनुमति नहीं देती है; और

(घ) यदि हां, तो क्या सरकार कारों के और अधिक उत्पादन पर रोक लगाने के प्रस्ताव पर विचार कर रही है?

उत्तर

भारी उद्योग और लोक उद्यम मंत्री

(श्री प्रफुल पटेल)

(क) सोसायटी ऑफ इण्डियन ऑटोमोबाइल मैन्युफैक्चरर्स (एसआईएएम) के अनुसार, पिछले तीन वर्षों में कारों का उत्पादन निम्न प्रकार है:-

('000 संख्या में)

सेगमेंट	2010-11	2011-12	2012-13
यात्री कार	2453	2537	2429

(ख) ऑटोमोटिव मिशन प्लान 2006-16 में ऑटोमोबाइल और ऑटो कलपुर्जों के क्षेत्रों के दीर्घकालिक एवं सतत आधार पर विस्तृत समर्थन और विकास की परिकल्पना की गई है।

(ग) जी, नहीं।

(घ) प्रश्न नहीं उठता।

***